ADITYA BIRLA

HINDALCO

दिनांक : 13.08.2021

सेवा में,
प्रभागीय वनाधिकारी
रेणुकूट वन प्रभाग
रेणुकूट, सोनभद्र, उ0प्र0

विषयः जनपद–सोनभद्र के रेणुकूट वन प्रभाग के अन्तर्गत मैं0 रेणुसागर पावर कम्पनी को ऐश डिस्पोजल यार्ड के निर्माण हेतु 10 वर्षो की लीज (21.06.2009 से 20.06.2019 तक के लिये) दी गयी 61.2348 हे0 वनभूमि के लीज नवीनीकरण के संबंध में।

संदर्भः 1. भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली का पत्रांक 8–05/1993–एफ0सी0(पी0टी01) दिनांक 15.07.2021
2. मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, लखनऊ का पत्रांक 200/11–सी FP/UP/IND/39403/2019 दिनांक 16.07.2021
3. आपका पत्रांक 458/रेनुकूट/15–31 दिनांक 09.08.2021 ।

महोदय,

विषयक प्रकरण में संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने की कृपा करें। उक्त पत्र द्वारा आपने बिन्दु संख्या 2 से संबंधित सूचना माँगी गयी है।

इस संबंध में अवगत कराना है कि कैमूर वन्य जीव प्रभाग के घोरावल रेंज के ग्राम पुरना में 38.3050 हेक्टेयर व ग्राम पेढ़ में 19.3540 हेक्टेयर कुल 57.559 हेक्टेयर गैर वनभूमि वनविभाग को उपलब्ध कराया जा चुका है । उक्त के संबंध में श्रीमान प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मिर्जापुर ने अपने पत्रांक 318/33–1 दिनांक 07.08.2021 द्वारा उक्त गैर वनभूमि की अद्यतन स्थिति से अवगत करा दिया गया है ।

जहाँ तक हिण्डालको संस्थान द्वारा ग्राम पुरना व पेढ़ में उपलब्ध कराये गये कुल 57.559 हेक्टेयर गैर वनभूमि के तरमीमी नक्शा प्राप्त करने का प्रश्न है। इस संबंध में श्रीमान् प्रभागीय वनाधिकारी, कैमूर वन्य जीव प्रभाग, मिर्जापुर द्वारा अपने उपरोक्त पत्र में लिखित पत्रों द्वारा श्रीमान् जिलाधिकारी, सोनभद्र से प्रयास किया गया है, किन्तु संभवतः तरमीमी नक्शा अभी तक अप्राप्त है। अतः सद्भाव के कारण हिण्डालको संस्थान द्वारा श्रीमान जिलाधिकारी/उप–जिलाधिकारी, सोनभद्र के यहाँ से तरमीमी नक्शा प्राप्त करने हेतु प्रयास किया जा रहा है, जिसमें समय लग सकता है। तरमीमी नक्शा प्राप्त होते ही यथाशीघ्र वन विभाग को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

अतः श्रीमानजी से अनुरोध है कि विषयक प्रकरण की वर्तमान वस्तु स्थिति से शासन को अवगत कराने की कृपा करें ।

सधन्यवाद,

भवदीय,
कृते हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लिमिटेड

13/08/2021

(विवेक कुमार)
हेड–लीगल

कार्यालय प्रभागीय वनाधिकारी रेणुकूट वन प्रभाग रेणुकूट सोनभद्र
फाइल सं0 ....
पंजी.सं. ....
दि0 ....

Hindalco Industries Limited
P.O. Renukoot-231217, District. Sonebhadra, Uttar Pradesh, India
T: +91 5446 252077-79/254791-96 | Fax: +91 5446 252107/252427 | E: hindalco@adityabirla.com | W: www.hindalco.com
Registered Office: Ahura Centre, 1st Floor, B Wing, Mahakali Caves Road, Andheri (East), Mumbai 400 093
T: +91 22 6691 7000 | Fax: +91 22 6691 7001
Corporate ID No: L27020MH1958PLC011238